समाचार

# वर्क क्वालिटी पर कम्प्रोमाईज एवं कार्यो में लेट–लतीफी कतई स्वीकार्य नहीं–आयुक्त

## (आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने किया प्रमुख निर्माण कार्यो का निरीक्षण, देखी कार्यप्रगति एवं कार्यो की गुणवत्ता, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश)



कोरबा 11 फरवरी 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों व निर्माण कार्य एजेंसियों से कहा है कि कार्य की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता, गुणवत्ताहीनता एवं कार्यो में अनावश्यक देरी कतई स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होने कहा है कि निर्माण कार्यो की क्वालिटी व कार्यो को पूरा करने की समयसीमा पर विशेष फोकस रखकर निर्माण कार्य कराएं जाएं अन्यथा संबंधित पर जवाबदारी तय की जा कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

आज आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने बड़े प्रोजेक्ट से संबंधित तीन निर्माण कार्यो का अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान वे डिंगापुर के समीप निर्माणाधीन पांच सीटर हास्टल के निर्माण कार्य को देखा, निरीक्षण के दौरान टाईल्स लगाने में क्वालिटी मेंनटेन नहीं किए जाने एवं अन्य कमियॉं परिलक्षित होने को गंभीरता से लेते हुए उन्होने नाराजगी जाहिर की तथा क्वालिटी मेंनटेन कर कमियों को दूर किए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार विद्युत सर्विस वायर अंडरग्राउण्ड न होने पर भी नाराजगी जाहिर की तथा कार्य में सुधार करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने मौके पर उपस्थित निर्माण कार्य एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर किसी प्रकार का कम्प्रोमाईज न किया जाए, कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए तथा निगम के सभी

निर्माण कार्यो में अनिवार्य रूप से निर्देश का पालन किया जाए। उन्होने उक्त निर्माणाधीन हास्टल के बाहरी परिसर में लैण्डस्केपिंग, गार्डनिंग व सौदंर्यीकरण संबंधी अन्य कार्य कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**सभागृह का निरीक्षण –** आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के निर्माणाधीन सभागृह का निरीक्षण किया, भू–तल एवं प्रथम तल का भ्रमण करते हुए उन्होने सभागृह की बैठक व्यवस्था, महापौर कक्ष, सभापति कक्ष, आयुक्त कक्ष, काउंसलर कक्ष, कार्यालय कक्ष, लाबी, गैलेरी सहित अन्य विभिन्न स्थलों का जायजा लेते हुए सभागृह की बेहतर व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। उन्होने सभागृह के बाहरी परिसर के निर्माण, सौदंर्यीकरण, लैण्डस्केपिंग एवं गार्डनिंग तथा अन्य कार्यो हेतु तत्काल प्रापर प्लानिंग तैयार कर उस पर कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**जिला लाईब्रेरी प्रारंभ करने हेतु कार्यवाही करे –** आयुक्त श्री पाण्डेय ने डिंगापुर में नवनिर्मित जिला लाईब्रेरी भवन का निरीक्षण किया, जिला लाईब्रेरी हेतु बनाए गए इस चार मंजिला भवन के प्रत्येक तल का निरीक्षण करते हुए उन्होने भवन में लाईब्रेरी को प्रारंभ करने हेतु एक बेहतर प्लानिंग शीघ्र तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होने रीडिंग रूम, पुस्तकालय कक्ष, आगंतुक कक्ष, रिसेप्शन, भण्डार कक्ष, सिटिंग व्यवस्था, समूह चर्चा कक्ष आदि तैयार करने के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया तथा पृथक–पृथक विषयों के लिए पृथक–पृथक रीडिंग व पुस्तकालय कक्ष तैयार करने, बेहतर सिटिंग व्यवस्था करने, फर्नीचर व्यवस्था तथा ई–लाईब्रेरी तैयार करने आदि के संबंध में आवश्यक टिप्स अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस दौरान लाईब्रेरी भवन परिसर में लैण्डस्केपिंग, गार्डनिंग व सौदंर्यीकरण कार्यो को कराए जाने के संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, जोन कमिश्नर आर.के.माहेश्वरी, सहायक अभियंता राहूल मिश्रा, आकाश अग्रवाल, एच.आर.बघेल सहित निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।